# मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय
# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक सं०......203.........                                                                 दिनांक 10.04.21

**समस्त छात्रावास अधीक्षक / अधीक्षिकाएं**
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः–** COVID-19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत कक्षाएं Online चलाने एवं समस्त छात्रावास खाली कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आज दिनांकः 09.04.2021 को कुलपति कार्यालय में मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों (डीन विज्ञान संकाय, डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, निदेशक एस0सी0आर0आई0ई0टी0, मुख्य छात्रावास अधीक्षक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, कुलानुशासक) के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें COVID-19 की परिस्थितियों पर विचार विमर्श करने के उपरांत निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय परिसर के समस्त पाठ्यक्रमों का पठन–पाठन / कक्षाएं अग्रिम आदेश तक संजाल (Online) माध्यम से सम्पन्न होंगी तथा छात्रावास तत्काल खाली करा लिये जाएं। उक्त निर्णय के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि समस्त पाठ्यक्रमों के छात्र / छात्राओं से तीन दिन के अर्न्तगत (विलम्बतम 12.04.2021 तक) छात्रावास खाली कराकर कक्ष का अधिग्रहण प्राप्त कर लें।

भविष्य में ऑफलाईन माध्यम से आयोजित किये जाने वाली कक्षाओं / परीक्षाओं एवं छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा, तदानुसार छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय / संस्थान की वेबसाइट अथवा अन्य माध्यम से अवगत करा दिया जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अन्त में छात्रावास से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं की जो भी धनराशि बकाया होगी उसको छात्रावास में निवास करने की अवधि के अनुपातिक मात्रा के अनुसार छात्रहित को प्राथमिकता प्रदान करते हुए उन्हें वापस कर दिया जाएगा। केवल शोध छात्र / छात्राओं को उनके शोध निर्देशक द्वारा संस्तुत स्पष्ट यथोचितीकरण के आधार पर छात्रावास में रहने की अनुमति प्रदान की जा सकती हैं।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**भवदीय,**
PKL 10.04.21
**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मुख्य छात्रावास अधीक्षक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0।
04. छात्र कल्याण अधिष्ठाता।
05. कुलानुशासक।
06. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
07. वित्त अधिकारी को सूचनार्थ।
08. विश्वविद्यालय वेबसाइट।

PKL
**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मुख्य छात्रावास अधीक्षक